महत्वपूर्ण एवं खास

26 एवं 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

कलेक्टर गोयल ने जारी किया आदेश

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगामी 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी 2025 को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), समस्त देशी कम्पोजिट मदिरा (सी.एस.-2घघ कंपोजिट) एवं समस्त विदेशी/प्रीमियम मदिरा(एफ.एल.1 घघ), समस्त विदेशी कम्पोजिट मदिरा (एफ.एल.-1 घघ कम्पोजिट) दुकानों, देशी मदिरा भंडारण भंडागार, समस्त होटल बार अनुज्ञप्ति (एफ.एल.-3), शॉपिंग मॉल रेस्टोरेंट बार अनुज्ञप्ति (एफ.एल.3 क) एवं समस्त देशी/देशी कम्पोजिट अहाता, समस्त विदेशी/विदेशी कम्पोजिट अहाता को पूर्ण रूप से बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित करते हुए आदेश जारी किया है। उक्त शुष्क दिवस को मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर सुकमा में कांग्रेस ने किया बंद, विरोध प्रदर्शन जारी

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी के खिलाफ सुकमा जिले में कांग्रेस ने एक दिवसीय बंद का आह्वान किया है। जिला मुख्यालय में इस बंद का असर साफ देखा जा रहा है, जहां सुबह से ही व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद हैं और कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में नारेबाजी करते हुए कवासी लखमा की गिरफ्तारी पर अपना विरोध दर्ज कराया है। बता दें कि कवासी लखमा को बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने बहुचर्चित 2161 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के मामले में तीसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जस्टिस अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद उन्हें 22 जनवरी तक के लिए 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। इस मामले में लखमा के बेटे हरीश को भी आरोपी बनाया गया है, हालांकि अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की गई है। इस घोटाले को लेकर प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है, और कांग्रेस ने इसे एक साजिश करार देते हुए विरोध प्रदर्शन जारी रखा है।

आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पुतकेल थाना क्षेत्र में 16 जनवरी 2025 को एक आईईडी ब्लास्ट हुआ। यह घटना उस समय घटी जब कैम्प पुतकेल से केरिपु 229 और कोबरा की संयुक्त टीम एरिया डॉमिनेशन ड्यूटी पर निकली थी। माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडीह के ब्लास्ट के कारण दो जवान घायल हो गए। दोनों घायल जवानों को तुरंत निकालकर सुरक्षित स्थान पर लाया गया। राहत की बात यह है कि घायल जवानों की हालत सामान्य है और वे खतरे से बाहर हैं। यह घटना सुरक्षा बलों की लगातार माओवादियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान हुई, जिससे इलाके में सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंताएँ बढ़ गई हैं। सुरक्षा बलों द्वारा एरिया डॉमिनेशन जारी रखने के बावजूद माओवादियों की ओर से इस तरह के हमले की घटनाएँ लगातार हो रही हैं।

हाईकोर्ट के एडिशनल और डिप्टी एडवोकेट जनरल ठगी का शिकार, ऑनलाइन ठगों ने किया धोखाधड़ी

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एडिशनल एडवोकेट जनरल सुनील काले और डिप्टी एडवोकेट जनरल विनय पाण्डेय ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए हैं। यह मामला प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान रूम बुकिंग के नाम पर ठगों द्वारा की गई धोखाधड़ी का है। चकरभाठा पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। डिप्टी एडवोकेट जनरल के निजी सहायक ने चकरभाठा थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, अभी तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, लेकिन पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ठगों ने महाकुंभ के दौरान रूम बुकिंग के लिए फर्जी वेबसाइट का सहारा लिया और दोनों अधिकारियों से धनराशि की ठगी कर ली। चकरभाठा पुलिस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और ठगों की पहचान करने के लिए प्रयासरत है। इस घटना ने एक बार फिर ऑनलाइन ठगी के खतरे को उजागर किया है, और यह स्पष्ट किया है कि आजकल के डिजिटल युग में किसी भी ऑनलाइन लेन-देन को लेकर सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

आरोग्यम् सभाकक्ष में दो दिवसीय टीकाकरण प्रशिक्षण आयोजित

❒ टीकाकरण कार्य प्राथमिकता के साथ करने के दिए निर्देश

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. बी. के चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत 15 एवं 16 जनवरी को दो दिवसीय टीकाकरण प्रशिक्षण का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रायगढ़ के आरोग्यम् सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. बी.के. चन्द्रवंशी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी. पी. पटेल, जिला नोडल अधिकारी डॉ.सुमीत कुमार शैलेन्द्र मंडल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, वैक्सीन कोल्ड चेन मेनेजर पंकज मिश्र एवं जिला टीकाकरण शाखा के समस्त कर्मचारी उपस्थित हुए।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल एवं वैक्सीन कोल्ड चेन मेनेजर पंकज मिश्र ने जिले के समस्त विकासखण्डों के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत दी जाने वाली समस्त सेवाओं एवं यू विन पोर्टल के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दी। प्रशिक्षण में समस्त प्रतिभागियों को टीकाकरण कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोल्ड चेन पाईन्टों एवं टीकाकरण सत्रों में वैक्सीन एवं अन्य लॉजिस्टिक की रख-रखाव निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप हो जिससे की वैक्सीन की गुणवत्ता बनी रहे।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने बताया कि आगामी 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन जिले के समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस को आयोजित किया जाएगा। जिसमें नियमित टीकाकरण के साथ ही टीकाकरण से छूटे हुए गर्भवती माताओं एवं बच्चों को चिन्हांकित कर ग्रामवार कार्ययोजना बनाकर टीकाकृत किया जायेगा। टीकाकरण के लिए आम जन को जागरूक करने के लिए दीवाल लेखन के साथ ही टीकाकरण के दिवस पूर्व ग्राम कोटवार के माध्यम से मुनादी करवाया जाएगा। जिससे टीकाकरण में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जा सके। अभियान अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए की सिरप तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को आई.एफ..ए.सिरप पिलाया जाएगा। विटामिन ए का नियमित खुराक प्रत्येक छः माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है।

सीएमएचओ डॉ.बी. के चन्द्रवंशी ने जिले के सभी लोगों से टीकाकरण अंतर्गत दी जाने वाली समस्त सेवाओं का लाभ लेने एवं 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाव के लिए विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलाने का आग्रह किया है।

शिशु संरक्षण माह 21 जनवरी से 21 फरवरी तक

जिले के 1,10,359 बच्चों को विटामिन ए एवं 1,16,851 बच्चों को आयरन सिरप पिलाने का लक्ष्य

❒ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य के लिए विशेष अभियान

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में किया जाएगा।

अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा और 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) सिरप पिलाने की योजना है। विटामिन ए की खुराक प्रत्येक 6 माह में एक बार देने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वास संक्रमण, बुखार एवं कुपोषण जैसी बीमारियों की संभावना कम हो जाती है। इस अभियान के तहत जिले के 1 लाख 10 हजार 359 बच्चों को विटामिन ए की दवा एवं 1 लाख 16 हजार 851 बच्चों को आयरन सिरप पिलायी जाएगी।

सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चों के स्वास्थ्य के लिए इस अभियान के दौरान आयोजित सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने बच्चों को इन सेवाओं का लाभ अवश्य दिलाएं।

अवैध शराब पर कार्यवाई : ग्राम चुहीपाली में चक्रधरनगर पुलिस की शराब रेड कार्यवाई, 10 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

रायगढ़

अवैध शराब पर कार्यवाही के क्रम में आज भी थाना चक्रधरनगर पुलिस द्वारा सक्रिय मुखबीरी के तहत मिली सूचना पर ग्राम छुहीपाली में महिला अनिता किसान के घर और बाड़ी में छापेमारी कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम छुहीपाली में अनिता किसान नाम की महिला अपने घर के बाड़ी में महुआ शराब रखकर बिक्री कर रही है।

पुलिस टीम मुखबीर द्वारा बताई गई जगह पर पहुंच कर घेराबंदी की और एक महिला को पकड़ा। जब महिला से नाम और पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अनिता किसान, पति लिंगराज किसान, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम छुहीपाली, थाना चक्रधरनगर, जिला रायगढ़ बताया।

तलाशी के दौरान महिला के पास से 10 लीटर क्षमता वाली एक प्लास्टिक जरीकन में 10 लीटर महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 2000/- रुपये बताई जा रही है। यह शराब बिक्री करने के उद्देश्य से रखी गई थी। मौके पर आरोपिया से अवैध शराब बरामद कर पंचनामा तैयार किया गया। आरोपिया के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। शराब रेड कार्रवाई में महिला प्रधान आरक्षक समुंद रनकर, संतोष कुर्रे और आरक्षक रंजित भगत शामिल थे।

कलेक्टर गोयल के निर्देश पर दूसरे दिन विभागों का निरीक्षण

❒ 26 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, एक दिन का कटेगा वेतन

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर आज दूसरे दिन प्रभारी अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा एवं शशिकांत कुर्रे ने कलेक्टोरेट के समस्त विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी निर्धारित कार्यालय समय में अनुपस्थित पाए गए। जिस पर कार्यवाही करते हुए एक दिन की वेतन कटौती के निर्देश दिए है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर गोयल ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से शासन द्वारा निर्धारित समय 10 बजे से कार्यालय संचालन के निर्देश दिये थे। जिसके तहत एक दिन पूर्व कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण कर उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया था। जिसमें 8 विभाग प्रमुख सहित 48 कर्मचारी कार्यालय समय पर अनुपस्थित पाए गए। जिन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। इसी क्रम में आज दूसरे दिन कार्यालयों के निरीक्षण में 26 कर्मचारी अनुपस्थित एवं विलंब से आना पाया गया।

इन विभागों के अनुपस्थित मिले अधिकारी-कर्मचारी

जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग से सहायक ग्रेड-3 अरविन्द कुमार शर्मा, सहकारिता विभाग से ए.वि.अ. आर.के.मेहर एवं संध्या सोनवानी, आदिवासी विकास विभाग से सीईओ शिवकुमार टंडन, सहायक ग्रेड-2 जी.आर. कर्ष, सहायक ग्रेड-3 अनिल कुमार सिदार, भृत्य प्रभात मिश्रा, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कमलेश वर्मा, नजूल नवकरण से राजस्व निरीक्षक छविकरण उपाध्याय, खाद्य विभाग से सहायक प्रोग्रामर विजय कुमार सिन्हा एवं श्वेता यादव, भू-अभिलेख शाखा से चेनमेन रामप्यारी तिलगाम, जगतराम मौर्या, नवीन एक्का एवं भृत्य हरिनारायण यादव, डीएमएफ से भृत्य गौरीशंकर, जिला कोषालय से सहायक ग्रेड-2 पूनम चौहान एवं कमलेश डनसेना तथा भृत्य विजय कुमार खेस एवं अर्जुन सिदार, जनसंपर्क विभाग से सहायक ग्रेड-2 पद्मलोचन सिदार, इसी तरह आबकारी विभाग से विक्रयकत्र्ता लोकमणि कुर्रे तथा श्रम विभाग से श्रम उपनिरीक्षक ममता कुर्राम, लेखापाल अशोक रजवाड़े, सहायक ग्रेड-3 मोनिका निर्मलकर एवं गुलशन कुमार देवांगन अनुपस्थित एवं विलंब से आना पाया गया।

खरसिया में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेलमेट रैली का आयोजन, नागरिकों को सड़कों पर ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी

रायगढ़

जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता फैलाने हेतु खरसिया में आज विशेष अभियान आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम के मार्गदर्शन में किया गया।

खरसिया शहर में आयोजित इस अभियान के अंतर्गत खरसिया एसडीओपी प्रभात पटेल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस ने एक हेलमेट रैली का आयोजन किया। इस रैली में खरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजय नाग, पुलिसकर्मियों, स्थानीय नागरिकों, पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। रैली में भाग लेने वाले सभी ने पंपलेट्स और बैनर के साथ लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को हेलमेट पहनने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग न करने और अन्य महत्वपूर्ण यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था।

एसडीओपी प्रभात पटेल ने इस अवसर पर कहा कि "हम सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए ताकि हम अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। खरसिया अनुविभाग के सभी स्कूलों में विशेष रूप से छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि वे सड़क सुरक्षा के महत्व को समझ सकें।"

उन्होंने आगे अपील की कि "सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करना नहीं, बल्कि यह हमारी और हमारे परिवार की सुरक्षा का भी सवाल है। सभी नागरिकों से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क पर सुरक्षित यात्रा करें।" यह पहल नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रखने की योजना है।

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जिले के प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन

❒ कलेक्टर गोयल ने दी शुभकामनाएं, जिले से 61 सदस्यीय दल ने लिया था हिस्सा

रायगढ़

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में रायगढ़ जिले के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

युवा महोत्सव में रायगढ़ जिले से 61 सदस्यीय दल ने भाग लिया था। जिसमें एकल लोक नृत्य, दलीय लोक नृत्य, एकल एवं दलीय लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कविता लेखनए, एकल एवं समूह विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाईल्स, कृषि उत्पाद और रॉक बैंड जैसी विभिन्न विधाओं शामिल थी। जिसमें जिले के विकासखंड घरघोड़ा की कु. पुष्पांजली ने एकल लोकनृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विकासखंड पुसौर के गजानंद मेहर और सूरज मेहर ने टेक्सटाईल्स विधा में दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं विकासखंड तमनार की श्रुति कुमारी ने एकल विज्ञान मेला में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।

जिले के प्रतिभागियों के उपलब्धियों पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, डिप्टी कलेक्टर तथा प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं कल्याण शशिकांत कुर्रे एवं जिला युवा समन्वयक चंद्रभूषण चौबे ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

हाईकोर्ट का सख्त कदम, प्रलोभन देने वालों पर होगी सख्त कार्यवाई

बिलासपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल विनोद कुजूर ने एक पब्लिक नोटिस जारी कर आम पक्षकारों को अदालतों में चल रहे मुकदमों को लेकर प्रलोभन देने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि यदि कोई व्यक्ति किसी अदालत में चल रहे मामले को पक्ष में निर्णय दिलाने का झूठा आश्वासन या प्रलोभन देता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रजिस्ट्रार जनरल ने अपने नोटिस में यह स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति किसी याचिका, आवेदन या अन्य कार्यवाही के बारे में असंगत लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से किसी को जीत दिलाने या आदेश करवाने का मिथ्या आश्वासन देता है, तो यह कानूनी अपराध माना जाएगा। ऐसे मामलों में आरोपित व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा, जो लोग इस तरह के प्रलोभन या आश्वासन को स्वीकार करेंगे, वे भी आपराधिक अभियोजन के लिए जिम्मेदार होंगे। यह कदम खासकर उन लोगों के खिलाफ उठाया गया है जो निचली अदालतों में आम पक्षकारों का शोषण कर उनके भोलेपन का फायदा उठाते हैं और उन्हें गलत तरीके से लूटने का प्रयास करते हैं।

हाईकोर्ट के इस कदम से प्रदेश के आम नागरिकों को एक सशक्त संदेश मिला है कि अब किसी भी प्रकार के धोखाधड़ी या प्रलोभन से बचना जरूरी है, और इसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

धान चोरी मामले में खरसिया पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

रायगढ़

चौकी खरसिया पुलिस ने धान चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

15 जनवरी को रिपोर्टकर्ता शंकर लाल जांगडे (50) तेलीकोट ने आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके मकान की छत पर सुखाने के लिए रखे धान से करीब 12 कट्टा एचएमटी धान 13-14 जनवरी की रात को चोरी हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने अपराध क्रमांक 35/25 धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज कर तत्काल कार्रवाई शुरू की।

जांच के दौरान धान घसीटने के निशान खुडुस उर्फ देवेन्द्र बंजारे के घर तक पाए गए। पुलिस ने जब आरोपी के घर की तलाशी ली, तो वहां से 2 कट्टा एचएमटी धान बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने घनश्याम जांगडे के साथ मिलकर यह चोरी की थी।

पुलिस ने दोनों आरोपियों से कुल 100 किलो एचएमटी धान, जिसकी कीमत 4000 रुपये है, जब्त किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन, शिव पैंकरा और हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी:

1. खुडुस उर्फ देवेन्द्र बंजारे (उम्र 20 वर्ष), निवासी तेलीकोट, चौकी खरसिया, रायगढ़।

2. घनश्याम जांगडे (उम्र 37 वर्ष), निवासी तेलीकोट, चौकी खरसिया, जिला रायगढ़।

खरसिया पुलिस द्वारा इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। पुलिस प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480